**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**20.05.2024/प्रादेशिक समाचार/19:45 बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- भारत निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को प्रदेश में मतदान और मतगणना संबंधी सभी तैयारियां तय समय में पूरा करने के दिए निर्देश।
- प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने पहली जून को होने वाले चुनाव में सभी मतदाताओं से वोट डालने की अपील की।
- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर अनुसूचित जाति को हाशिये पर धकेलने का लगाया आरोप।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा –भाजपा सांसद प्रदेश हित से जुड़े मुददों को संसद में उठाने में रहे नाकाम।

- प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते शिक्षा विभाग ने ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों की समय सारिणी में किया बदलाव।

------------------------------------------------------------------

**तैयारी–जायजा**

भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू ने आज वर्चुवल माध्यम से प्रदेश में चल रही चुनावी तैयारियों का जायजा लिया। प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष गर्ग के अलावा सभी संसदीय क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भी ऑनलाईन माध्यम से बैठक में जुड़े। मनोज कुमार साहू ने अधिकारियों को मतदान और मतगणना संबंधी तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्रों में सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि महिला कर्मियों को कोई असुविधा न हो। उप निर्वाचन आयुक्त ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान कर्मियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण करने को कहा। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने भी संसदीय क्षेत्रों में उडन दस्तों व स्टेटिक सर्विलेंस टीम की सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए।

**विशेष परिचर्चा**

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने मतदाताओं से पहली जून को होने वाले लोकसभा और विधानसभा उप चुनाव में बढ़चढ़ कर मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदान को लेकर निर्वाचन विभाग द्वारा सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं और इसके लिए राज्य में सात हजार 9 सौ 92 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मनीष गर्ग ने बताया कि प्रदेश में इस बार 57 लाख 11 हजार 9 सौ 69 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 85 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 50 फीसदी और 25 फीसदी दिव्यांग मतदाताओं ने ही घर से वोट डालने के लिए आवेदन किया है जबकि इस श्रेणी के अन्य मतदाता मतदान केंद्रों पर आने के इच्छुक हैं। प्रदेश में चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आकाशवाणी शिमला के समाचार प्रमुख रितेश कपूर के साथ एक विशेष परिचर्चा में कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की है। ये विशेष परिचर्चा अब से कुछ देर बाद 8 बजे प्रसारित की जाएगी।

**अनुराग ठाकुर**

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने आज बिलासपुर जिले के अनेक स्थानों पर चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अनुसूचित जाति के लोगों को ठगने का काम किया है और उन्हें हाशिये पर धकेला है। उन्होंने कहा कि आरक्षित वर्गों का कांग्रेस से पूरी तरह मोह भंग हो गया है और आज इस वर्ग के सैंकड़ों परिवार भाजपा में शामिल हो रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने हमेशा से ही अनुसूचित जाति के लोगों का ध्यान रखा है और इस समुदाय के कल्याण का केंद्रीय बजट आज एक लाख 40 हजार करोड़ रूपए से अधिक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान के नाम पर लोगों में झूठ व भ्रम फैला रही है और इस पार्टी ने भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के योगदान को भी कम करके आंका है।

**मुख्यमंत्री**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज चंबा जिले के अनेक स्थानों पर कांगड़ा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। भंजराडू व सलूणी में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा सांसदों पर प्रदेश हित से जुड़े मुददों को संसद में उठाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आनंद शर्मा ने राज्यसभा सांसद रहते हिमाचल के हितों की प्रमुखता से पैरवी की है और लोकसभा चुनाव जीतने के बाद भी वे प्रदेश हित से जुड़े मुददों को मजबूती के साथ उठाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार का चुनाव देश व प्रदेश की भावी राजनीति को नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस छोड भाजपा में शामिल हुए 6 विधायकों को सबक सिखाने का समय है और कांग्रेस पार्टी चारों लोकसभा सीटों के अलावा

6 विधानसभा सीटों में भी जीत हासिल करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास धन बल नही है लेकिन जनता की ताकत ही पार्टी की शक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही कर्मचारियों की पुरानी पैंशन योजना बहाल की है और अन्य गारंटियों को भी चरणबद्ध ढंग से पूरा किया जा रहा है।

## विक्रमादित्य सिंह

मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने आज मण्डी जिले के अनेक स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि वे विकास के एक विजन के साथ लोगों के बीच जा रहे हैं जबकि भाजपा प्रत्याशी के पास अपना कोई विजन नहीं है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी सिर्फ प्रधानमंत्री के नाम पर ही वोट मांग रहे हैं जबकि उनकी अपनी कोई प्राथमिकता नहीं है। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि मण्डी को स्मार्ट सिटी का दर्जा देना, पर्यटन स्थलों का विकास और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना उनकी मुख्य प्राथमिकताएं हैं।

## कंगना रनौत

इस बीच भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने आज लाहौल स्पिति जिले के काज़ा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी उनके साथ रहे। कंगना रनौत ने कांग्रेस प्रत्याशी पर अपने परिजनों द्वारा किए गए कार्यों का श्रेय लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह विकास के मुददों के बजाए व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे हैं जो सही नहीं है। रनौत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक ओर जहां आतंकवाद का खात्मा हुआ है वहीं सीमाओं को भी सुदृढ किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश की सामरिक शक्ति कई गुणा बढ़ी है और आज सैन्य शक्ति की दृष्टि से भारत दुनिया में तीसरे नम्बर पर आ गया है।

## अग्निहोत्री

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज मंडी संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले सराज व नाचन विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने मतदाताओं से पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में मतदान की अपील की। अग्निहोत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार मंडी जिले का विकास नहीं कर पाई और वर्तमान कांग्रेस सरकार ने जिले में विकास कार्यों को गति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां कांग्रेस पार्टी विकास के मुददों पर चुनाव लड़ रही है वहीं भाजपा अनेक मुददों से भाग रही है। उप मुख्यमंत्री ने भाजपा नेताओं को प्रदेश से जुड़े मुददों पर चुनाव लड़ने की नसीहत दी है।

**मौसम–समय सारिणी**

शिक्षा विभाग ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले स्कूलों की समय सारिणी में बदलाव किया है। उच्च शिक्षा निदेशक अमरजीत शर्मा ने बताया कि इन इलाकों में अब स्कूल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक खोलने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा बच्चों को पानी पीने के लिए हर पांच मिनट की दो स्पैशल ब्रेक देने को लेकर भी सभी जिलों के शिक्षा उप निदेशकों को निर्देश जारी किए गए हैं। मौसम विभाग ने 24 मई तक राज्य के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी पड़ने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने मुख्य रूप से ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, सोलन, सिरमौर, कांगड़ा और शिमला जिले के कई स्थानों पर लू चलने की संभावना जताई है। राज्य के मैदानी इलाकों में इन दिनों अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। इस बीच आज शाम राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने स्कूलों में नशे के खिलाफ जागरूकता बढाने की जरूरत पर बल दिया है। उन्होंने आज शिमला में ब्रह्म कुमारिज संस्था द्वारा चलाए गए नशामुक्त भारत अभियान को हरी झण्डी दिखाई। इस अभियान के तहत तीन सप्ताह तक लोगों को नशे के खिलाफ जागरूकता किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में नशा बड़ी तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है और इस समस्या से निजात पाने में समाजसेवी संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि ब्रह्म कुमारिज संस्था द्वारा नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं और इनके द्वारा बनाए गए वीडियो को स्कूलों में बच्चों को दिखाया जाना चाहिए।

**सुरेश कश्यप**

शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने आज सिरमौर जिले के अनेक स्थानों पर चुनाव प्रचार किया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि नरेन्द्र मोदी प्रचंड बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन रहे हैं और इन चुनावों में कांग्रेस पार्टी को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ेगा। सुरेश कश्यप ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में भ्रष्टाचार पर पूरी तरह अंकुश लगा है जो सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है।